






# वित्तीय शक्तियों में रोंक पर नपाध्यक्ष करेंगी रिपिटीशन

## नगर पालिका परिषद सीधी अध्यक्ष ने याचिकाकर्ता पर लगाये गंभीर आरोप

**नवभारत न्यूज**

**सीधी 9 अप्रैल। नगर पालिका परिषद सीधी अध्यक्ष श्रीमती काजल वर्मा ने वित्तीय शक्तियों में रोंक पर रिपिटीशन दायर करेंगी। नगर पालिका अध्यक्ष ने याचिकाकर्ता पर गंभीर आरोप लगाये हैं।**

नगर पालिका सीधी अध्यक्ष श्रीमती काजल वर्मा द्वारा बताया गया कि बृजेश सिंह गोरे ने गलत तरीके से हाईकोर्ट में पिटीशन दायर किए थे। जबकि वह अस्थाई कर्मचारी हैं, इसके खिलाफ अब हाईकोर्ट में रिपिटीशन की अर्जी लग गई है। जिस मामले में स्थगन हाईकोर्ट में लगाया था वह जल्द ही समाप्त हो जाएगा। वहीं नगर पालिका में उपाध्यक्ष सहित कुछ लोगों को लेकर भी बड़ी बात अध्यक्ष द्वारा कही गई है। इस संबंध में जानकारी देते हुए जिला न्यायालय के वरिष्ट अधिवक्ता विनोद वर्मा ने बताया कि अध्यक्ष और पार्षदों के निर्वाचन की सूचना वार्डो से



अध्यक्ष और पार्षदों का प्रत्येक निर्वाचन राज्य आयोग द्वारा राज्य पत्र में अधिसूचित किया जाता है। जिसके लिए राजपत्र दिनांक 19 जुलाई 2022 अधि. क्र. 90 एफ-34/2022- 18-3 द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 43 तथा धारा 55 के साथ पठित धारा 355 द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए राज्य सरकार ने मध्य प्रदेश नगर पालिका अध्यक्ष तथा उपाध्यक्ष का निर्वाचन नियम 2019 के तहत शक्तियों का प्रयोग करते हुए कई अधिकार दिए हैं। इस मामले को लेकर आज नगर पालिका में पत्रकार वार्ता की गई। जिसमें वरिष्ट अधिवक्ता विनोद वर्मा एवं नगर पालिका अध्यक्ष द्वारा अपनी जानकारी देते हुए बताया गया कि अब पूरे मामले को लेकर हाईकोर्ट में रिपिटीशन दायर किया जाएगा, जो कि वित्तीय प्रभार को लेकर गलत शिकायत करने वालों पर भी कार्रवाई हो सकती है।

इस मामले में अध्यक्ष एवं वरिष्ट अधिवक्ता द्वारा कई आरोप भी अस्थाई कर्मचारी बृजेश सिंह गोरे सहित उपाध्यक्ष को लेकर लगाए हैं। उनके द्वारा यह भी कहा गया कि उनके पुत्र ने आत्महत्या किया जिसकी रिपोर्ट भी जमोड़ी थाने में दर्ज थी लेकिन उन्होने गलत तरीके से यह दिखाकर कि आकस्मिक मौत हुई। जिस वजह से 2 लाख रुपए भी लिए हैं। इसके अलावा भी कई आरोप लगाए गए हैं। पूरे मामले में क्या सच्चाई है हम नहीं बता सकते लेकिन अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के बीच बना विवाद अब और तूल पकड़ने लगा है।

### विवादों का पर्याय बनी नगर पालिका परिषद सीधी

नगर पालिका सीधी लम्बे अर्से से विवाद का पर्याय बनी हुई है। काफी समय तक यहां उपाध्यक्ष के चेम्बर को लेकर विवाद बना रहा। मामला हाईकोर्ट तक पहुंचा, बाद में किसी तरह चेम्बर विवाद सुलझा तो कर्मचारियों को लेकर विवाद शुरू हो गया। अब नपा के अस्थाई कर्मचारी द्वारा याचिका लगाने के बाद अध्यक्ष की वितीय शक्तियों पर रोक लगने से विवाद खड़ा हो गया।

### हाईकोर्ट के अंतिम फैसले पर टिकी सभी की निगाहें

नगर पालिका परिषद सीधी की अध्यक्ष श्रीमती काजल वर्मा के वित्तीय शक्तियों पर हाईकोर्ट से रोक लगने के बाद अध्यक्ष द्वारा रिपिटीशन दायर किया जा रहा है। अध्यक्ष के रिपिटीशन पर हाईकोर्ट से क्या अंतिम फैसला आता, इस पर सभी की निगाहें टिकी रहेंगी। हाईकोर्ट का अंतिम फैसला कब तक आयेगा इस पर भी निगाहें रहेंगी।



# इंटर डिस्ट्रिक्ट अंडर-22 लिमिटेड ओवर टूर्नामेंट में डीसीए सीधी बनी चैंपियन

## 5 विकेट से डीसीए सतना को हराया

**नवभारत न्यूज**

**सीधी 9 अप्रैल। रीवा संभाग के तत्वावधान में आयोजित इंटर डिस्ट्रिक्ट अंडर-22 लिमिटेड ओवर क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में जिला क्रिकेट संघ सीधी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए डीसीए सतना को 5 विकेट से हराकर खिताब अपने नाम कर लिया।**

फाइनल मैच में डीसीए सीधी ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। डीसीए सतना की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए मात्र 134 रनों पर ऑल आउट हो गई। सतना की ओर से स्वप्निल ने 36 रन एवं हर्षित ने 29 रन बनाकर संघर्ष किया। वहीं सीधी की ओर से शानदार गेंदबाजी करते हुए रवि तिवारी ने घातक प्रदर्शन कर 5 विकेट झटके, जबकि अगम्य ने 3 विकेट हासिल किए। जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी डीसीए सीधी की टीम ने शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए मात्र 20 ओवर में 5 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। टीम की ओर से अंशुमान ने 33 रन, आर्यन ने 29 रन तथा कृष्णा ने 25 रनों का महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस जीत के साथ ही डीसीए सीधी ने न सिर्फ टूर्नामेंट अपने नाम किया बल्कि इस सीजन में लगातार तीसरी बार फाइनल जीतकर नया कीर्तिमान स्थापित किया। साथ ही टीम दो अन्य टूर्नामेंट में उपविजेता भी रही, जो उनके निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन को दर्शाता है।

### सफलता पर इन्होंने दी बधाई

इस ऐतिहासिक सफलता पर डीसीए अध्यक्ष राव कृष्ण कुमार सिंह भंवर साहब ने खिलाड़ियों को वीडियो कॉल के माध्यम से बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वहीं सचिव उपेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन, मैनेजमेंट की सटीक रणनीति और खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत ने इस सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। खिलाड़ियों के जज्बे, अनुशासन और टीम मैनेजमेंट की बेहतरीन प्लानिंग ने मिलकर यह इतिहास रचा है।

# अम्बेडकर जयंती पर पड़रा में होगा संकल्प से समाधान शिविर, नोडल अधिकारी नियुक्त

**नवभारत न्यूज**

**सीधी 9 अप्रैल। डॉ.भीमराव अम्बेडकर जयंती के अवसर पर 14 अप्रैल 2026 को जनपद पंचायत सीधी अंतर्गत ग्राम पंचायत पड़रा (गोपालदास बांध स्थित रेस्ट हाउस प्रांगण) में संकल्प से समाधान अभियान के तहत हितलाभ वितरण एवं विधिक सेवा शिविर आयोजित किया जायेगा।**

सीईओ जिला पंचायत सीधी द्वारा आदेश जारी कर शिविर के सुचारू एवं निर्विघ्न संचालन के लिए विभिन्न विभागों के अधिकारियों को नोडल अधिकारी एवं प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है। जारी आदेश के अनुसार एसडीएम गोपद बनास, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग एवं सीईओ जनपद पंचायत सीधी को संपूर्ण कार्यक्रम का प्रभारी बनाया गया है। इसके साथ ही परियोजना प्रशासक जनजातीय कार्य विभाग, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग, डीपीएम एनआरएलएम सीधी, तहसीलदार गोपदबनास, सीएमएचओ, सिविल सर्जन सह अस्पताल अधीक्षक, उप संचालक सामाजिक न्याय विभाग तथा डीपीसी जिला शिक्षा केन्द्र सीधी को शिविर के सफल संचालन हेतु नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

# अल्ट्राटेक सीधी सीमेंट वर्क्स बघवार में सुरक्षा माह का सफल समापन

**नवभारत न्यूज**

**सीधी 9 अप्रैल। अल्ट्राटेक सीधी सीमेंट वर्क्स बघवार में 3 अप्रैल 2026 को सुरक्षा माह का समापन समारोह गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। इस अभियान की शुरुआत 4 मार्च को कारखाना प्रमुख बी.पी.सग्गू द्वारा ध्वजारोहण के साथ की गई थी।**




समारोह को संबोधित करते हुए कारखाना प्रमुख बी.पी.सग्गू ने कहा कि छोटे एवं सरल सुरक्षा नियमों का नियमित पालन कर दुर्घटनाओं में उल्लेखनीय कमी लाई जा सकती है। उन्होंने कर्मचारियों से विशेष रूप से अग्नि सुरक्षा एवं सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति सजग रहने का आह्वान किया। पूरे माह के दौरान कर्मचारियों एवं उनके परिवारजनों के लिए विभिन्न सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसके साथ ही संविदाकर्मियों के लिए एक मेगा प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें उन्हें सुरक्षा मानकों एवं आवश्यक सावधानियों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारी को सेफ एम्प्लॉई ऑफ द मंथ पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत आदित्य वंदना एवं सुरक्षा शपथ के साथ हुई।

समारोह में कारखाने के एफएच-एचआर अभिषेक शर्मा, एफएच-एफसी दिनेश मामोदिया, एफएच-टेक्निकल मोहम्मद मुश्तकीम, एफएच-माइंस नवल किशोर शर्मा, एडमिन एवं एम्प्लॉयी रिलेशंस एचओडी दिनेश शर्मा, सेफ्टी एचओडी दिवाकर विश्वकर्मा सहित सभी अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# एनएसयूआई के स्थापना दिवस पर विद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम, राष्ट्रभक्ति व पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**नवभारत न्यूज**

**सीधी 9 अप्रैल। दुनिया के सबसे बड़े छात्र संगठन भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) के 56वें स्थापना दिवस पर सीधी जिले के शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालयए करौंदिया पानी टंकी में विद्यार्थी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।**



प्रदेश सचिव विक्रांत सिंह परिहार स्वयं विद्यार्थियों के बीच पहुंचे और उन्हें शिक्षा, राष्ट्रभक्ति एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के पूजन से हुई। इंदिरा गांधी, सुभाष चंद्र बोस एवं भगत सिंह के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर राष्ट्रनायकों को श्रद्धापूर्वक नमन किया गया। इसके पश्चात विद्यार्थियों के साथ पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया गया तथा बच्चों को मिठाई एवं फल वितरित किए गए। अपने संबोधन में विक्रांत सिंह परिहार ने कहा कि शिक्षा केवल डिग्री नहीं-यह व्यक्तित्व निर्माण और राष्ट्र निर्माण की आधारशिला है।

उन्होंने विद्यार्थियों को लक्ष्य के प्रति सजग रहने, अनुशासन का पालन करने एवं समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को इतिहास के प्रेरणादायक प्रसंगों से भी अवगत कराया गया। कार्यक्रम में विद्यालय की प्रधानाध्यापिका सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### कन्या महाविद्यालय में भी हुआ आयोजन

एनएसयूआई स्थापना दिवस पर कन्या महाविद्यालय सीधी में भी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसका नेतृत्व छात्र नेता अभिमन्यु सिंह चौहान ने किया। कार्यक्रम में अभिमन्यु सिंह चौहान, बादल विश्वकर्मा, स्वाति सिंह, रिया सिंह, ऋचा सिंह, प्रिया मिश्रा, प्रिया सिंह एवं रेशमा साकेत सहित एनएसयूआई कार्यकर्ता उपस्थित रहे। एनएसयूआई इस प्रकार के जमीनी कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों में शिक्षा, जागरूकता, राष्ट्रभक्ति एवं पर्यावरण चेतना निरंतर विकसित कर रहा है और सीधी जिले में संगठन की पकड़ दिन-प्रतिदिन मजबूत होती जा रही है।

# एचपीव्ही टीकाकरण एवं स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

## सृजन फाउंडेशन एवं जिला चिकित्सालय की पहल

**नवभारत न्यूज**

**सीधी 9 अप्रैल। सृजन फाउंडेशन सीधी एवं जिला चिकित्सालय सीधी की संयुक्त टीम द्वारा संदीपनी शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सीधी में नारी उत्थान पहल प्रोजेक्ट के अंतर्गत एचपीव्ही टीकाकरण एवं स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया।**




कार्यक्रम भारत सरकार द्वारा सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे एचपीवी टीकाकरण अभियान अंतर्गत आज 9 अप्रैल को आयोजित किया गया। इस दौरान 14 वर्ष से 15 वर्ष 3 माह आयु वर्ग की बालिकाओं एवं उनके अभिभावकों को टीकाकरण के महत्व एवं स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक जानकारी दी गई। कार्यक्रम में विशेषज्ञों द्वारा सर्वाइकल कैंसर के कारण, लक्षण, रोकथाम एवं टीकाकरण की आवश्यकता पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही छात्राओं एवं अभिभावकों के मन में उठ रहे विभिन्न प्रश्नों- जैसे टीकाकरण के दुष्प्रभाव, आयु सीमा एवं सुरक्षा का समाधान जिला टीकाकरण टीम द्वारा किया गया। कार्यक्रम के आयोजक सुनील पाण्डेय अध्यक्ष सृजन फाउंडेशन ने कहा कि संस्था महिला, बाल विकास, शिक्षा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में लगातार कार्य कर रही है और शासन की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है।

कार्यक्रम में उपस्थित डॉ.सुनीता तिवारी ने बताया कि सर्वाइकल कैंसर तेजी से बढ़ रहा है और इसके रोकथाम हेतु टीकाकरण अत्यंत आवश्यक है। वहीं डॉ.रुचि सिंह ने यू-विन पोर्टल पर पंजीकरण कराकर टीकाकरण कराने की अपील की। विकास सिंह ने कहा कि यह टीकाकरण पूर्णत: सुरक्षित है और इसे विश्व के 150 से अधिक देशों में अपनाया जा चुका है, अत: किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें। विद्यालय की प्राचार्य आरती पाण्डेय ने छात्राओं से आग्रह किया कि वे अपने अभिभावकों को जागरूक करें और अधिक से अधिक संख्या में टीकाकरण कराएं।

### डॉ .अनूप मिश्रा ने की अपील

संरक्षक डॉ .अनूप मिश्रा ने अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि 14 से 15 वर्ष 3 माह आयु वर्ग की सभी बालिकाओं का टीकाकरण कराना उनकी जिम्मेदारी है, जिससे उनका भविष्य सुरक्षित रह सके।

### कार्यक्रम में ये रहे शामिल

कार्यक्रम में जिला चिकित्सालय की टीम से डॉ .सुनीता तिवारी, डॉ .रुचि सिंह, विकास सिंह, नीतू केवट, अनुभव श्रीवास्तव सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। वहीं सृजन फाउंडेशन से शिखा पाण्डेय, काजल चतुर्वेदी, प्रांजल सिंह एवं अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे।

**एक नजर में**

### शिविरों में कलेक्टर ने सुनी जन समस्याएं



**सीधी।** कलेक्टर विकास मिश्रा द्वारा संकल्प से समाधान अभियान एवं किसान कल्याण वर्ष के परिप्रेक्ष्य में लगातार दो दिवस तक विकासखंड सिहावल के विभिन्न ग्रामों में जन चौपाल तथा जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित कर आमजन की समस्याएं सुनी गईं तथा उनके त्वरित निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। ग्राम कोदौरा में आयोजित शिविर में कलेक्टर ने प्राप्त शिकायतों की एक-एक कर समीक्षा करते हुए निराकरण के निर्देश दिए। दिव्यांगजनों द्वारा उपकरण की मांग पर पात्रतानुसार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। साथ ही सड़कों के निर्माण एवं अतिक्रमण हटाने के संबंध में 14 अप्रैल को अम्बेडकर जयंती के अवसर पर आयोजित ग्रामसभा में प्रस्ताव पारित करने तथा पंचायत निधि से मरम्मत कार्य कराए जाने के निर्देश दिए गए। प्रस्ताव प्राप्त होने पर अतिक्रमण चिन्हांकन कर हटाने की कार्रवाई करने को कहा गया। ग्राम पंचायत लौआ में आयोजित शिविर में कलेक्टर ने माता लौआ देवी मंदिर के लिए प्रबंध समिति गठन के निर्देश दिए तथा प्राप्त आवेदनों पर सुनवाई कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। वहीं ग्राम सिहौलिया में आयोजित शिविर में ग्रामीणों द्वारा विद्युत व्यवस्था सुदृढ़ करने, नए हैण्डपंप खनन एवं खेत सड़क निर्माण की मांग रखी गई, जिस पर कलेक्टर ने संबंधित विभागों को समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे जनसमस्याओं के समाधान में संवेदनशीलता बरतें और समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करें, ताकि आमजन को शीघ्र राहत मिल सके।

### प्राकृतिक आपदा में 28 लाख की सहायता स्वीकृत

**सीधी।** उपखंड अधिकारी चुरहट विकास आनंद द्वारा प्राकृतिक आपदाओं में मृत व्यक्तियों के निकटतम परिजनों को आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। कुल 7 प्रकरणों में प्रत्येक मृतक के निकटतम वारिस को 4-4 लाख रुपए के मान से कुल 28 लाख रुपए की सहायता स्वीकृत की गई है। तहसील रामपुर नैकिन के 4 प्रकरणों में कुशमहर निवासी मुखराज कोल की कुएं में डूबने से मृत्यु होने पर उनके पिता रामलाल कोल को, हनुमानगढ़ निवासी रितेश सिंह की सर्पदंश से मृत्यु होने पर उनकी माता केशकली सिंह को, हनुमानगढ़ निवासी बब्बू यादव की आग में झुलसने से मृत्यु होने पर उनके पुत्र सुखलाल यादव को तथा नौसा निवासी कु . परी सिंह की नहर में डूबने से मृत्यु होने पर उनके पिता जग्यभान सिंह को 4-4 लाख रुपए की सहायता राशि स्वीकृत की गई है। इसी प्रकार तहसील चुरहट के 3 प्रकरणों में घटोखर निवासी किशोरी लाल बंसल की नहर में डूबने से मृत्यु होने पर उनकी पत्नी दुआसिया बंसल को, कपूरी बघेलान निवासी सूर्यप्रताप पटेल की नहर में डूबने से मृत्यु होने पर उनके पिता राममणि पटेल को तथा चोरगड़ी निवासी भागवत प्रसाद गौतम की नहर में डूबने से मृत्यु होने पर उनकी पुत्री अभिलाषा शुक्ला को 4-4 लाख रुपए की सहायता राशि स्वीकृत की गई है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि आपदा की स्थिति में प्रभावित परिवारों को त्वरित राहत प्रदान करना शासन की प्राथमिकता है।

# श्रमिकों के स्वास्थ्य और सम्मान के लिए लगा हेल्थ कैंप

**नवभारत न्यूज**

**सीधी 9 अप्रैल। अंत्योदय मेला के अंतर्गत श्रमिकों के लिए लालिता चौक में गुरुवार को हेल्थ कैम्प का आयोजन किया गया, जहां आयुष एवं स्वास्थ्य विभाग की टीमों द्वारा 200 से अधिक श्रमिकों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें आवश्यक परामर्श एवं उपचार संबंधी जानकारी प्रदान की गई।**



शिविर में बड़ी संख्या में श्रमिकों ने पहुंचकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लिया। इस दौरान श्रमिकों के स्वास्थ्य के साथ-साथ उनकी सामाजिक सुरक्षा और जागरूकता पर भी विशेष ध्यान दिया गया। कार्यक्रम के दौरान सांसद डॉ.राजेश मिश्रा ने कैंप का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि श्रमिक समाज के सबसे महत्वपूर्ण स्तंभ हैं और उनके स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं सम्मान को सुनिश्चित करना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक देना लक्ष्य : डॉ .राजेश मिश्रा

## संकल्प से समाधान शिविर बहरी में आयोजित, योजनाओं से लाभान्वित हुए ग्रामीण

**नवभारत न्यूज**

**सीधी 9 अप्रैल। जिले के जनपद पंचायत सिहावल अंतर्गत तहसील बहरी मुख्यालय स्थित हायर सेकेंड्री स्कूल बहरी में संकल्प से समाधान अभियान के तहत हितलाभ वितरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा ग्रामीणों की समस्याओं का मौके पर निराकरण करते हुए उन्हें शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया। साथ ही स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य शिविर लगाकर ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और आवश्यक परामर्श उपलब्ध कराया गया।**




कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद डॉ.राजेश मिश्रा ने कहा कि संकल्प से समाधान अभियान का उद्देश्य शासन की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है ताकि कोई भी पात्र हितग्राही वंचित न रह जाए। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता केवल योजनाएं बनाना नहीं बल्कि उन्हें प्रभावी रूप से धरातल पर लागू कर प्रत्येक जरूरतमंद तक पहुंचाना है। ऐसे शिविरों के माध्यम से एक ही स्थान पर विभिन्न विभागों की सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं जिससे लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान हो रहा है और शासन के प्रति विश्वास मजबूत हो रहा है। सांसद ने विद्युत विभाग को क्षेत्र की बिजली समस्याओं का मौके पर निराकरण करने के निर्देश दिए। साथ ही गर्मी के मौसम को देखते हुए पेयजल व्यवस्था सुदृढ़ करने, हैण्डपंप एवं नल-जल योजनाओं की स्थिति सुधारने पर जोर दिया। विधायक सिहावल विश्वामित्र पाठक ने कहा कि संकल्प से समाधान अभियान के माध्यम से गांव-गांव तक योजनाओं का लाभ पहुंच रहा है और प्रशासन स्वयं लोगों के द्वार तक पहुंचकर उनकी समस्याएं सुन रहा है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार के प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नेतृत्व में गरीब, वंचित एवं जरूरतमंद वर्गों के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इन शिविरों के माध्यम से पात्र हितग्राहियों को आसानी से योजनाओं का लाभ मिल रहा है, जिससे उनका जीवन स्तर सुधर रहा है। कलेक्टर विकास मिश्रा ने कहा कि अंत्योदय की भावना के अनुरूप शासन की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। संकल्प से समाधान शिविर केवल औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान का प्रभावी माध्यम है।

### इन हितग्राहियों को हुआ हितलाभ वितरण

जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र की मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना के तहत शुभम गुप्ता को 9 लाख एवं सुशीला गुप्ता को 15 लाख रुपए, एमपीजीबी बहरी द्वारा मुद्रा लोन अंतर्गत संतोष जायसवाल को 5 लाख एवं उमेश सिंह बघेल को 2 लाख रुपए के स्वीकृत पत्र प्रदान किए गए। सहकारिता विभाग द्वारा अरुण जायसवाल, धीरेन्द्र सिंह एवं जमुना सिंह को 2-2 लाख रुपए का ऋण प्रदान किया गया। म .प्र . डे-राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत ज्योति स्व सहायता समूह को 3 लाख, शिव महिला एवं पूजा स्व सहायता समूह को 2-2 लाख तथा दरी बुनाई समूह को 1 .50 लाख रुपए का लाभ दिया गया। इसके अलावा प्रधानमंत्री आवास योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना, लाडली लक्ष्मी योजना के हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। साथ ही जाति प्रमाण पत्र, किसान क्रेडिट कार्ड, आयुष्मान कार्ड, अनुग्रह सहायता राशि, मृदा हेल्थ कार्ड एवं विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र भी वितरित किए गए।